

# दिव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा का हुआ शुभारंभ


## लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा, कथा का श्रवण करने पहुंचे लोग

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 10 अप्रैल, हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमना में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा का शुभारंभ नगर आराध्य श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में कथा व्यास के रूप में पधारे अयोध्या के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद दास जी महाराज के द्वारा किया गया.**

उल्लेखनीय है कि आज सुबह 11:00 से नगर के प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण भगवान के मंदिर से भव्य दिव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगराराध्य श्री हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर पहुंच कर श्री हनुमान जी महाराज की विद्वत पूजा अर्चना तथा मंच पर पोथी पूजन के साथ जहां समाप्त हुआ. वहीं इस कलश यात्रा की विशेषता रही की कथा के यजमान अवकाश प्राप्त प्राचार्य विष्णु प्रसाद पांडे सपत्नीनिक सर पर वाल्मीकि रामायण की पोथी लिए पीतांबर पहने चल रहे थे. वही यात्रा में सम्मिलित समस्त आबालवृद्ध नर नारियों का समूह भी अधिकांशत: पीतांबर पहने हुए अधिकांश के मस्तक पर उर्ध्वपुंड्रतिलक साथ में पधारे संत समाज तथा रथ पर पूज्य कथा व्यास स्वामी जी महाराज मानो साक्षात इस यात्रा में सप्त ऋषि मंडल आकाश से उतर हनुमना की गलियों में चल रहा हो. वहीं श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय परिवार द्वारा श्रीमद् वाल्मीकि रामायण पोथी एवं कथा व्यास तथा संतों की आरती उतारते समय का अद्भुत व विलक्षण दृश्य अपने आप लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा था. आज प्रथम दिवस श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा का मंगलाचरण करते हुए महाराज ने कहा कि करोड़ों जन्म के पुण्य का उदय होता है तो श्रीमद् वाल्मीकि रामायण जैसी दिव्य श्री राम कथा सुनने का सौभाग्य जीवन में प्राप्त होता है और यह बिना सीताराम की कृपा के कुछ नही होता.







# सड़क चौड़ीकरण को लेकर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 अप्रैल, जिले के गुढ विधानसभा क्षेत्र के इटार गांव में गुढ तहसील के पटवारियों ने जिला प्रशासन एवं गुढ अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन पर सड़क चौड़ीकरण को लेकर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू कर दी है.**

रघुराजगढ, से इटार, उमरिहा, होते हुए सीधा करियाझर तक हो रहे सड़क चौड़ी करण कों लेकर इटार में पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पंकज पांडेय, पटवारी विकास द्विवेदी, पटवारी अंगद अहिरवार, पटवारी सौरभ सिंह पटेल, पटवारी आसीष शुक्ला ने पहुच कर प्रभावित भूमि स्वामियों से मिल कर जानकारी देने के साथ ही भूमि अधिग्रहण के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी रहे. वही इटार निवासी भाजपा मंडल गुढ सह, सोसल मीडिया प्रभारी सनत शुक्ला और बूथ महामंत्री सच्चिदानंद शर्मा ने बताया की यह सड़क चौड़ी करण के साथ ही बिछिया नदी पर बड़ी पुल एवं इटार उमरिहा के मध्य में भी बड़ी पुलिया निर्माण कार्य कों लेकर काफ़ी लंबे समय से क्षेत्रीय लोगों की मांग रही है अब यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जुड़ चुकी है रघुराजगढ से करियाझर तक की सड़क चौड़ीकरण से निश्चय ही अवागमन के साथ - साथ ही कई गांवो का विकास होगा.





# सामाजिक समरसता पर आयोजित हुई संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 अप्रैल, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय में सामाजिक समरसता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

शास. स्नातक महाविद्या. गुढ़ के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी, श्रीमती रेखा मिश्रा एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम द्विवेदी द्वारा सामाजिक संस्थाओं के संदर्भ में अपने विचार विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. व्यास नारायण मिश्र द्वारा किया गया. जबकि कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा कु. रिया तिवारी द्वारा किया गया.

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों के मध्य व्यापार किसान एवं अन्य समसामयिक विषयों पर समूह चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विषय के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया.

मुख्य रूप से डा. संदीप कपूर, डॉ रामेश्वर, डॉ अमित मिश्रा, डा. पूनम एवं श्रीमती दीपा द्विवेदी मौजूद रही.

# कलेक्टर ने नगरीय निकायों में कर वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 अप्रैल, कलेक्टर संजय कुमार ने नगरीय निकायों में राजस्व प्राप्ति बढ़ाने तथा लंबित करों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं.**

कलेक्टर ने कहा है कि नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए करों की नियमित एवं प्रभावी वसूली अत्यंत आवश्यक है. संपत्ति कर, जल कर, दुकान किराया, स्वच्छता कर एवं अन्य स्थानीय करों का लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध वसूली सुनिश्चित करें. प्रत्येक वार्ड के लिए विशेष राजस्व दल का गठन करें. बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें अंतिम नोटिस जारी करें. जिन उपभोक्ताओं संस्थाओं द्वारा लंबे समय से करों का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें. कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बकाया करों की सूची तैयार कर उसका नियमित अनुश्रवण करें तथा वसूली की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें. साथ ही करदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं.



सिरमौर चौराहा बाल भारती स्कूल के सामने सड़क पर लगे फल के ठेले

# कागजों में चल रही गौशाला, भूख-प्यास से मर रहे गौवंश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 अप्रैल, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगी स्थित संचालित सरकारी गौशाला को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार यह गौशाला रोजगार सहायक सचिव हरीश चौरसिया के अधीन संचालित बताई जा रही है. लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गौशाला केवल कागजों तक ही सीमित है.ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद चिंताजनक है. गौशाला में रखे गए गौवंशों को ना तो पर्याप्त पानी मिल पा रहा है और ना ही उन्हे चारा भूसा. इतना ही नही उचित देखभाल की भी कोई व्यवस्था नही है. हालात इतने खराब हैं कि कई गौवंश प्यास और भूख के कारण दम तोड चुके है और जो बचे है वे इस गर्मी में भूख व्यास एवं सचिव के उपेक्षा के कारण तडप तड़प कर दम तोड़ रहे हैं. स्थानीय नागरिकों ने इस मामले को लेकर गहरा आक्रोश जताया है और शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ सख्त जांच कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो.



# बघेला में निजी गौशाला चलाकर शासकीय अनुदान का हो रहा दुरुपयोग

## पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रामसखा वर्मा की कार्य प्रणाली में सवाल उठाया

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 10 अप्रैल, ग्राम पंचायत रमकुड़वा अंतर्गत ग्राम बघेला में एक निजी गौशाला श्री हर हर नर्मदे सनकादिक गौलोक धाम के नाम पर विवाद हो गया है.**

जिसमें लाखों रुपए का भुगतान के बावजूद बिना किसी रिकॉर्ड के ही किया गया है. इस विषय की जानकारी पहले से ही विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा एसडीएम हनुमना को दी जा चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई. जब पशुपालन विभाग के जिला अधिकारी के आदेश पर इस गौशाला का भ्रमण 04 अप्रैल को विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया. गौशाला में कोई भी बिंदु मानक स्तर का नहीं पाया गया एवं एक गौवंश गंभीर रूप से घायल पाया गया. उपरोक्त भ्रमण में पहले से ही गौशाला से संबंधित व्यक्ति अनिल मिश्रा द्वारा अधिकारियों से विवाद किया जा चुका है. इसके बाद अगले दिन 05 अप्रैल को अवकाश के दिन अनिल मिश्रा के बड़े भाई सुनील मिश्रा द्वारा पशु चिकित्सालय हनुमना में 04 लोगों को ले जाकर गौशाला भ्रमण पर आपत्ति जताई. इसके अगले दिन 06 अप्रैल को फिर से पशु चिकित्सालय में जाकर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रामसखा वर्मा के कार्य प्रणाली में सवाल उठाया और पशु चिकित्सालय में आकर कार्य में बाधा डाला गया. जबकि सुनील मिश्रा को यह पहले ही बताया गया कि स्टाफ की कमी है पशु संजीवनी में फोन कर घर बैठे पशु उपचार की सुविधा ली जा सकती है. इसके बाद इनके द्वारा मुर्दाबाद के नारे पशु चिकित्सालय हनुमना में लगाए गए. ज्ञात हो कि इस नवीन जिले में मात्र 02 पशु चिकित्सक विभाग में है डॉ केके गुप्ता के पास नईगढ़ी का अतिरिक्त प्रभार भी है. गौशालाओं का संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाता है और जिसका सहयोग एवं निरीक्षण विकासखंड गौशाला क्रियान्वयन समिति द्वारा किया जाता है.

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का सर्वे कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 अप्रैल, मऊगंज जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है और बेमौसम बारिश ने अन्नदाताओं की धड़कन तेज कर दी है.**

खेतों में कटी हुई फसल जहां खुले आसमान के नीचे पड़ी है, वहीं लगातार हो रही बारिश से उसके खराब होने का खतरा बढ़ गया है. किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो तैयार फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है. ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं, चना, सरसों जैसी फसलें कटकर खेतों में पड़ी हैं, लेकिन बारिश के कारण उनका रंग बिगड़ने लगा है. विशेषज्ञों के अनुसार यदि भीगी फसल को समय पर नहीं समेटा गया तो उसकी गुणवत्ता घट जाएगी, जिससे किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाएगा. किसानों का दर्द यहीं खत्म नहीं होता. उनका कहना है कि इससे पहले भी बेमौसम बारिश के कारण धान की फसल अंकुरित हो गई थी, जिससे भारी नुकसान हुआ था. उस समय प्रशासन द्वारा सर्वे कराया गया, लेकिन आज तक उस सर्वे की फाइलें कार्यालयों में धूल खा रही हैं. किसानों को न तो फसल बीमा की राशि मिली और न ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता .किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि हर बार आपदा के बाद सर्वे कराया जाता है, कागजी कार्रवाई पूरी की जाती है.

# मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान चलाकर आमजनों को किया जा रहा जागरूक

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 अप्रैल, कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा पिछले एक सप्ताह से मिलावटखोरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

जिसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने एकत्र कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं. जांच रिपोर्ट में अमानक पाए जाने वाले संस्थानों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और प्रकरण पंजीबद्ध किए जाएंगे. इसी क्रम में मऊगंज, हनुमाना और देवतालाब के बाजारों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से आमजन को जागरूक भी किया गया. इस दौरान खाद्य अधिकारियों ने नागरिकों को दूध, घी, पनीर, दही और मसालों में होने वाली मिलावट की पहचान करने के सरल तरीके बताए, ताकि लोग स्वयं घर पर ही खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच कर सकें और सुरक्षित खान-पान के प्रति सजग रहें.

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति से देर रात तक टिके रहे दर्शक

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 10 अप्रैल, स्थानीय आर नवज्योति पब्लिक स्कूल परिसर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम प्रारंभ होते ही अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों का जन सैलाब उमड़ पड़ा.**

छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को देर रात तक मंत्र मुग्ध कर बांधे रखा.कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रम क्रमश: तुम हमें रब दिखता है की प्रस्तुति जानवी युग ऋषिका अमन तथा उनकी टीम के द्वारा की गई. मैया यशोदा की प्रस्तुति सृष्टि और दिव्या, द्वारा की गई. जबकि पंजाबी मिक्स सांग की मनमोहक प्रस्तुति स्तुति,वंसिका, सोनाक्षी तथा रितिका व उनकी टीम के द्वारा की गई. लव कुश का मंचन आरव तथा विनीत के द्वारा सर्वाधिक तालियां बटोरने वाली प्रस्तुति दी गई. शिव तांडव काप्रदर्शन दित्यानी नैंसी शिवानी व साक्षी द्वारा, राज्यवार फैशन शो का प्रदर्शन अयोनिजा केशरी, वृद्धि, लक्ष्मी, सृष्टि शिवानी स्तुति नैंसी व अन्य द्वारा, सुदामा चरित्र कीप्रस्तुति ध्रुव आयुष व अंश द्वारा, नगाड़े संगढोल बाजे की प्रस्तुति वृद्धि आलिया शिवानी व अन्य द्वारा, चार युग कीप्रस्तुति श्यामा जू आयुषी पावनी वी अलका द्वारा, शिकागो वक्तृता कार्यक्रम की प्रस्तुति जानवी, आरव, अंशुमान व नैतिक द्वारा, नारी पर भाषण समीक्षा पाल द्वारा, कव्वाली की प्रस्तुति मानसी वीनीतू द्वारा, अंग्रेजी भाषण सुहाना बानो द्वारा के अतिरिक्त खाई के पान बनारस वाला सत्यम नीरज, सम्राट प्रशांत हर्ष व व अन्य द्वारा पापा ओ मेरे पापा की मर्मस्पर्शी प्रस्तुति श्रेया जान्हवी और राघव द्वारा जहां दी गई. वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेठ बिहारी लाल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन उपाध्याय रहे. विशिष्ट अतिथि तथा प्रमुख वक्ता पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार संपति दासगुप्ता ने कहा कि आज आर नवज्योति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भाव विभोर कर दिया.

# गौ सम्मान को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 अप्रैल, देशभर में गो सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर एक बड़े जनजागरण अभियान 'गो सम्मान आह्वान अभियान' की शुरुआत की जा रही है.**

इस अभियान के तहत आगामी 27 अप्रैल एवं 27 जुलाई को 'गो सम्मान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा. अभियान के तहत देश के सभी गो प्रेमियों एवं नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे अपने-अपने तहसील, ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपें.

आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर गो सेवा के इस अभियान को सफल बनाने की अपील भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता द्वारा की गई है. इस अभियान के माध्यम से देशभर में गो संरक्षण को लेकर एक व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने की तैयारी की जा रही है. सभी से जुड़ने की अपील की गई है.

# त्योंथर विधायक सिद्धार्थ ने लोक कल्याण शिविर में ग्रामीणों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने जनपद पंचायत त्योंथर के ग्राम मझिगवां, पोखरी टोला में आयोजित लोककल्याण शिविर में शिरकत की.**



शिविर में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से सुना और मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए.शिविर को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार 'अंत्योदय' के संकल्प को सिद्ध कर रही है. मुख्यमंत्री की मंशा है कि विकास केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि गाँव की अंतिम बस्ती और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचे.विधायक ने आगे जोर देते हुए कहा कि 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को समाप्त करना है. उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में त्योंथर विधानसभा के विकास के लिए बजट और संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी.

इस अवसर पर कटरा मंडल अध्यक्ष संवेद्र शर्मा,कौशलेश द्विवेदी,डॉ अशोक पांडेय,तुलाराम पाठक,चंद्रशेखर यादव ,अभय गुप्ता, मनोज तिवारी, मनोज यादवन, श्रीकांत उपाध्याय, वीरेंद्र यादव, महेश यादव, सरजू यादव, रमेश यादव, विनय कुमार यादव, रामनिरंजन जाटव , अमरनाथ गौतम, अनिल कुमार, वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, ध्रुव कुमार शुक्ल, हरिश्चंद्र कुशवाहा, हरीलाल दीपांकर एवं मल्लाम आदिवासी समेत शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े सुझाव रखे.

# जिला पंचायत सीईओ ने किया थनवरिया पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण

## मेहताब सिंह गुर्जर ने आकस्मिक निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 10 अप्रैल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत सिरमौर के अंतर्गत जल स्वावलंबी ग्राम पंचायत थनवरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर, सहायक यंत्री, मनरेगा एवं पी.एच.ई. के उपयंत्री, एन.जी.ओ. सदस्य सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत भवन में स्थानीय नागरिकों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने पंचायत की जनसंख्या, कुल परिवारों की संख्या, वर्तमान वाटर लेवल और उपलब्ध जल स्त्रोतों की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में ग्राम पंचायत को जल स्वावलंबन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया. श्री गुर्जर ने सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, नालों में जल संचय के लिए स्टॉप डैम का निर्माण करने और छोटे तालाबों के निर्माण के संबंध में जनपद सीईओ एवं तकनीकी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए. उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए 'गांव का पानी गांव में' रोकने की अपील की. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शासकीय तालाब का जायजा लिया और उपयंत्री व सहायक यंत्री को इसके तकनीकी रूप से जीर्णोद्धार हेतु निर्देशित किया. इसके साथ ही आगामी वर्षाकालीन वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी अभी से शुरू करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में गति लाते हुए सभी लंबित आवासों को समय-सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिये.